सामान्य इंटरनेट ब्राउजिंग

1. आप जो भी क्लिक- डाउनलोड कर रहे हैं उसके प्रति सचेत रहें। सॉफ़्टवेयर केवल विश्वसनीय स्रोत से ही डाउनलोड करें।

2. उन लोगों को सत्यापित करें जिनके साथ आप पत्रव्यवहार करते हैं। लोगों के लिए इंटरनेट पर नकली - पहचान बनाना आसान है।

3. आधिकारिक जानकारी/दस्तावेजों को इंटरनेट क्लाउड (iCloud, Google Drive, Dropbox आदि) या इंटरनेट से जुड़े कंप्यूटर पर संग्रहीत न करें।

4. प्रत्येक लॉगआउट सत्र के बाद ब्राउजर से हिस्ट्री क्लियर करने की आदत बनाएं, क्योंकि सर्च इंजन आपकी सर्च हिस्ट्री को ट्रैक करते हैं और आपकी सेवा हेतु आपके लिए प्रोफाइल बनाते हैं।

5. विंडोज़ 'टेम्प' और 'अस्थायी इंटरनेट फाइले' को नियमित रूप से हटाएं।

6. उन सेवाओं का उपयोग करने से बचें जिनके लिए स्थान की जानकारी की आवश्यकता होती है। जीपीएस कॉर्डिनेट्स वाली तस्वीरें पोस्ट करने से बचें।

7. कुछ पॉप अप में क्लोज बटन-जैसा प्रतीत होता है, लेकिन जब आप उस पर क्लिक करेंगे तो वास्तव में स्पाइवेयर इंस्टॉल करने का प्रयास होगा।

8. मुफ्त डाउनलोड करने योग्य सॉफ्टवेयर से सावधान रहें – ऐसी कई साइटें हैं जो उपयोगकर्ताओं को आकर्षित करने वाले कस्टमाइज्ड टूलबार या अन्य सुविधाएं प्रदान करती हैं, जिनमें बैकडोर होने की संभावना होती है। 'नि:शुल्क' स्क्रीनसेवर, गेम, सॉफ्टवेयर आदि में आमतौर पर मैलवेयर हो सकते हैं।

9. दस्तावेज (doc, docx .xls, .xlsx and .def) फाइल एक्सटेंशन के लिए असामान्य फोल्डर लोकेशन की बार-बार जांच करें (खोज विकल्पों में, उन्नत खोज विकल्पों का चयन करें, सुनिश्चित करें कि आपने 'सिस्टम फोल्डर खोज' 'छिपी हुई फाइलों और फोल्डरों की खोज' की जांच की है' और 'सबफोल्डर्स खोजे')

10. आपसे आपका पासवर्ड पूछने वाले ईमेल, ,त्वरित संदेश(आईएम) टेक्स्ट, फोन कॉल आदि का जवाब न दें।

11. फाइल शेयरिंग सॉफ्टवेयर से बेहद सावधान रहें। फ़ाइल शेयरिंग आपके कंप्यूटर को दुर्भावपूर्ण फ़ाइलों और हमलावरों के जोखिम के लिए खोलता है।